ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 10-02-2026

बोकारो(झारखण्ड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-02-10 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-02-11	2026-02-12	2026-02-13	2026-02-14	2026-02-15
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	29.1	30.1	30.1	30.2	30.7
न्यूनतम तापमान(से.)	12.5	13.7	14.0	13.2	13.4
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	57	52	55	54	50
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	15	16	13	13
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.8	6.2	6.4	6.5	6.6
पवन दिशा (डिग्री)	295	306	297	360	283
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	1	1
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं	कोई चेतावनी नहीं

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में आसमान साफ़ रहेंगे और बारिश की कोई संभावना नहीं है। तापमान में हलकी बढ़ोतरी के आसार है और हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

कोई चेतावनी नहीं

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

NIL

सामान्य सलाहकार:

तापमान और नमी के तनाव से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सुबह के समय खड़ी सब्जियों और फसलों में हल्की सिंचाई करें। मिट्टी का तापमान बनाए रखने के लिए सब्जियों की नर्सरी के ऊपर कम लागत वाले पॉलिथीन कवर या पुआल आदि का उपयोग करें। नमी की कमी वाले क्षेत्र में किसानों को सब्जियों में फूल आने की अवस्था के दौरान 2% डीएपी + 1% एमओपी का पत्तियों पर छिड़काव करना चाहिए।

लघु संदेश सलाहकार:

मटर की फसल में फलों की संख्या बढ़ाने के लिए 20 ग्राम यूरिया प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर डंठलों पर छिड़काव करें, यह पाले से भी फसलों को बचाने मे सक्षम है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	देर से बोई गई 50-60 दिन की सरसों की फसल में एक सिंचाई की जरूरत है. सल्फर की कमी को पूरा करने के लिए प्रति एकड़ 200 ग्राम सल्फर डालें।
गेहूँ	मौसम को ध्यान में रखते हुए गेहूँ की फसल में रोगों, विशेषकर रतुआ की निगरानी करते रहें। काला, भूरा अथवा पीला रतुआ आने पर फसल में डाइथेन एम-45 (2.5 ग्राम/लीटर पानी) का छिड़काव करें।
चना	चने की फसल में फली छेदक की निगरानी के लिए, जो फली बनने की अवस्था में है, प्रति एकड़ 3-4 फेरोमोन ट्रैप लगाने की सलाह दी जाती है, तथा कीटों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए फसल के खेत में और उसके आसपास "टी" आकार के पक्षी बसेरा लगाने की सलाह दी जाती है।
मक्का	मक्का की फसल जो घुटनों तक (30 दिन पुरानी) या धनबाल की अवस्था में हो उनमे सिचाई के पश्चात 26 किलोग्राम प्रति एकड़ यूरिया का भुरकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	मुख्य खेत में 6-8 सप्ताह की अवस्था वाले टमाटर के पौधों की रोपाई करें। छह सप्ताह की अवस्था में निराई-गुड़ाई पूरी करें और 27 किलोग्राम यूरिया डालें।
टमाटर	मौजूदा मौसम की स्थिति में टमाटर में पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप हो सकता है। टमाटर में पिछेती झुलसा रोग के प्रबंधन के लिए मेटालैक्सिल 8% + मैंकोजेब 64% W.P @ 400- ग्राम/एकड़ की दर से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए सर्दियों के मौसम में पशुओं को नियमित रूपसे नमक के साथ खनिज मिश्रण और दैनिक राशन में 10% -20% की दर से गेहूं के दाने, गुड़आदि भी दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
पौध - संरक्षण	कद्दूवर्गीय फसल में लाल कद्दू गुबरैला कीट के प्रकोप की संभावना है। अगर इनके प्रकोप दिखाई दे तो मिथाइल डेमेटोन 25 ई.सी. का छिड़काव 500 मिलीलीटर प्रति लीटर हैक्टर के दर से करें।
कृषि क्षेत्र	पपीता, अमरूद, आम, लीची तथा अन्य पुष्पित पौधों में चुर्णी बग (यह छोटे - छोटे धूसर रंग के कीड़े होते हैं, जिनके शरीर पर रूईनुमा चूर्ण चिपका होता है) कीड़ों का अगर आक्रमण हो रहा हो तो पौधे के जड़ के नजदीक मिट्टी को कोड़कर क्लोरपाइरीफॉस कीटनाशी दवा का घोल (4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से) बनाकर अच्छी तरह से भीगो दें, साथ ही साथ इसी दवा का छिड़काव (2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से) पौधे पर भी साफ मौसम देखते हुए करें तथा दवा छिड़काव के 15 दिनों बाद ही फल को तोड़े|

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

NIL

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

NIL

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details